# कभी हिन्दू आतंकवाद नहीं कहा, सिर्फ आरएसएस आतंकवाद कहा- दिग्वियज सिंह



**सीहोर ( मप्र )**-समझौता एक्सप्रेस बम ब्लास्ट के आरोप से 20 मार्च को बरी हुए स्वामी असीमानंद और तीन अन्य का नाम लिये बगैर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अभियोजन और बचाव पक्ष एक साथ होने से जो लोग पकड़े गये, वह अब छूट रहे हैं। इसके साथ ही सिंह ने दावा किया कि उन्होंने कभी हिन्दू आतंकवाद नहीं बल्कि सिर्फ 'संघी आतंकवाद' शब्द कहा था, जिस पर वह आज भी कायम हैं। भोपाल लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार सिंह ने यहां एक सवाल के उत्तर में संवाददाताओं से कहा, ''मैंने सिर्फ संघी आतंकवाद कहा है जो आज भी कहता हूं, कोई मुझे क्लिप दिखा दे, क्योंकि हिन्दू आतंकवाद कभी नहीं कहा। जो लोग पकड़े गये और अब छूट रहे हैं, क्योंकि प्रासिक्यूशन और डिफेंस एक साथ हैं।''

सिंह ने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ भी कर सकते हैं। उन्होने कहा, ''मैं कभी पाकिस्तान नहीं गया, नरेन्द्र मोदी गये हैं पाकिस्तान। नरेन्द्र मोदी वहां के पीएम से गले मिले, शादी में गये, पाक की जांच एजेंसी आईएसआई को जांच के लिये पठानकोट बुलाया। एक ओर तो पाक का विरोध करवाते हैं, दूसरी ओर पाक को चिट्ठी लिखवाते हैं। चुनाव जीतने के लिये नरेन्द्र मोदी कुछ भी कर सकते हैं, नरेन्द्र मोदी अपने गिरेबान में देखें, आतंकवाद से समझौता किसने किया। भाजपा सरकार ने आतंकी मसूद अजहर को छोड़ा। कांग्रेस ने तो हमेशा शहादत दी है।'' प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान कि भाजपा के सामने कोई नहीं है और लोकसभा चुनाव में भाजपा 300 सीटें जीतेगी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जब विपक्ष समाप्त हो जाता है तो प्रजातंत्र समाप्त हो जाता है। यह उनकी हिटलरी मनोवृत्ति है, जो मूलरुप से प्रजातंत्र की विरोधी है।

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर भ्रष्टाचार के अपने आरोप दोहराते हुए उन्होंने कहा कि चौहान के रिश्तेदार रेत के अवैध खनन में लगे हुए थे और इसका हिस्सा चौहान के परिवार को जाता था।

भोपाल लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है और तीन दशक से भाजपा यहां से लगातार जीत रही है। कांग्रेस ने इस बार भाजपा से यह सीट हथियाने के लिये अपने वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को उम्मीदवार बनाया है वहीं दिग्वियजय की उम्मीदवारी के बाद भाजपा ने फिलहाल अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

# प्रशांत किशोर का छलका दर्द, कहा- मेरी भूमिका सीखना और सहयोग करना है



पटना-बिहार में लोकसभा चुनावों के लिये कोई रणनीतिक पद नहीं दिये जाने से संभवत- आहत जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को कहा कि यह उनके राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत है और उनकी ''भूमिका सीखने और सहयोग'' की है।

पूर्व चुनाव रणनीतिकार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सितंबर में पार्टी में लेकर आये। अपने विचारों को वह अक्सर ट्विटर पर साझा करते हैं। किशोर ने ट्वीट किया, ''बिहार में राजग माननीय मोदी जी एवं नीतीश जी के नेतृत्व में मजबूती से चुनाव लड़ रहा है। जदयू की ओर से चुनाव-प्रचार एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी पार्टी के वरीय एवं अनुभवी नेता श्री आरसीपी सिंह जी के मजबूत कंधों पर है। मेरे राजनीति के इस शुरुआती दौर में मेरी भूमिका सीखने और सहयोग की है।''

हालांकि किशोर बिहार से बाहर जदयू के प्रसार की संभावनाओं को तलाशने के लिये गठित तीन सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं, जिसमें महासचिव और मुख्य प्रवक्ता के. सी. त्यागी और उनका नाम राज्य में पहले चरण के चुनाव में स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल है। ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि उनके दबदबे में कमी आयी है।


## मैं भी चौकीदार के खिलाफ युवा कांग्रेस ने शुरू किया मैं भी बेरोजगार अभियान

**नई दिल्ली**- भारतीय युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मैं भी चौकीदार अभियान के जवाब में सोशल मीडिया पर मैं भी बेरोजगार अभियान शुरू किया है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी (सोशल मीडिया) वैभव वालिया ने बताया, सोशल मीडिया पर शनिवार को हमने मैं भी बेरोजगार अभियान शुरू किया जिसको लेकर कुछ घंटों के भीतर ट्विटर पर एक लाख से अधिक लोगों ने ट्वीट किए हैं। उन्होंने कहा, इस अभियान का मकसद लोगों खासकर युवाओं को इस बारे में जागरूक करना है कि इस सरकार में रोजगार को लेकर कुछ नहीं हुआ। सिर्फ मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है। वालिया ने कहा, कई रिपोर्ट में यह बात सामने आ चुकी है कि नए रोजगार पैदा होने की बजाय इस सरकार में नौकरियां खत्म हो गईं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री और मंत्रियों के स्तर पर पकौड़े तलने और चौकीदार बनने की बात हो रही है।

## भाजपा सांसद धर्मबीर की फिसली जुबान, कहा - होगी कांग्रेस की जीत

**भिवानी**-महेन्द्रगढ़ से भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह की जुबान फिसल गई और उन्होंने राज्य के आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत का दावा कर डाला। उन्होंने कहा, मैं दावे के साथ कह सकता हूं आपके हौसलों के देखते हुए भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा में मुझे लगता है कि सन 1987 की तरह इस प्रदेश में पहली बार दोबारा से 85 से भी ज्यादा सीट आप कांग्रेस पार्टी को दोगे। हरियाणा में विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं। सांसद के संबोधन के वक्त मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर समेत कई बड़े नेता मंच पर मौजूद थे।

## आप में शामिल हुईं किन्नर अखाड़े की भवानी मां, प्रयागराज से लड़ेंगी चुनाव



**लखनऊ**-उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीट प्रयागराज में कांग्रेस और बीजेपी को टक्कर देने के लिए आम आदमी पार्टी ने एक नया दांव खेला है। बता दें कि आम आदमी पार्टी ने प्रयागराज की लोकसभा सीट से किन्नर अखाड़ा की भवानी मां को प्रत्याशी बनाया है। शुक्रवार को पार्टी ने इस बात का फैसला किया कि भवानी मां को हम प्रयागराज से टिकट देंगे। आप सांसद संजय सिंह ने ट्वीट के जरिए इस बात की औपचारिक पुष्टि कर दी कि किन्नर अखाड़ा की भवानी माँ प्रयागराज से की प्रत्याशी होंगी।

प्रयागराज सीट पर छठे चरण में 12 मई के दिन वोट डाले जाएंगे और इसकी अधिसूचना 16 अप्रैल को जारी होगी। बता दें कि यह सीट हाई प्रोफाइल सीटों में से एक है।

यहां से पहले लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, मुरली मनोहर जोशी जैसे कई दिग्गज नेता चुनाव लड़ चुके हैं और सांसद भी बने हैं। इसी बीच भवानी मां ने बीजेपी को लताड़ते हुए कहा कि उन्होंने हमारे खिलाफ ऐसा बिल लाया कि हम भिखारियों की तरह महसूस कर रहे थे। उस समय हमारे पास संजय सिंह और अरविंद केजरीवाल आए और बिल के खिलाफ संसद में बहस भी की। उसी दिन किन्नर समाज ने कहा कि कुछ भी हो जाए हम आम आदमी के साथ हैं और मैं उसी वचन को निभा रही हूं।

## एनएसए के ठेकेदार ने गोपनीय सूचनाएं हासिल करने का गुनाह कबूला

**वॉशिंगटन**-न्याय विभाग ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि अभियोजकों के साथ एक समझौते की शर्तों के तहत हेरोल्ड मार्टिन (54) ने यह स्वीकार किया कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां इरादतन अपने पास रखी लेकिन उसने जासूसी के आरोपों से इनकार किया है।

अमेरिका में दो दशक से अधिक समय तक बड़े पैमाने पर बेहद गोपनीय सूचनाएं चुराने के आरोपी एक सरकारी ठेकेदार ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। न्याय विभाग ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि अभियोजकों के साथ एक समझौते की शर्तों के तहत हेरोल्ड मार्टिन (54) ने यह स्वीकार किया कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां इरादतन अपने पास रखी लेकिन उसने जासूसी के आरोपों से इनकार किया है।

उसे 19 जुलाई को होने वाली अगली सुनवाई में नौ साल कारावास की सजा हो सकती है। मार्टिन को एनएसए सहित कई संघीय एजेंसियों के लिए एक ठेकेदार के रूप में 23 साल तक काम करने के बाद अगस्त 2016 में गिरफ्तार किया गया था। उसे सुरक्षा से जुड़ी ऐसी अनुमति हासिल थी, जिससे वह बड़ी गोपनीय एवं संवेदनशील जानकारियों को कई बार हासिल कर सकता था। जांचकर्ताओं ने इस बात का खुलासा नहीं किया कि उसने ये जानकारियां किसी और के साथ साझा की या नहीं और उसके ऐसा करने के मकसद को भी सार्वजनिक नहीं किया।

## जेल से बाहर आये नवाज शरीफ की हुई जांच, डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी



**लाहौर**-चिकित्सकीय आधार पर यहां की उच्च सुरक्षा वाली जेल से छह सप्ताह के लिये रिहा किये गए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सीने में दर्द और गुर्दे से संबंधित जटिलताएं बढ़ने के बाद डॉक्टरों ने ''पूरी तरह आराम करने'' की सलाह दी है। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय द्वारा उन्हें छह सप्ताह के लिये जमानत दिये जाने के बाद शरीफ (69) को मंगलवार की रात यहां की कोट लखपत जेल से रिहा किया गया। उच्चतम न्यायालय ने देश के अंदर ही इलाज कराने के लिये यह जमानत दी है।

पिछले साल दिसंबर से शरीफ कोट लखपत जेल में बंद थे। उन्हें अल-अजीजिया स्टील मिल्स भ्रष्टाचार मामले में सात साल की सजा सुनायी गयी है। शरीफ मेडिकल सिटी (एसएमसी) के डॉक्टरों ने बृहस्पतिवार को तीन बार पूर्व प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें ''पूरी तरह आराम'' करने की सलाह दी। इस अस्पताल की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार ने करीब दो दशक पहले की थी।

उनके स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने ट्वीट कर बताया, ''मियां नवाज शरीफ को आज (बृहस्पतिवार को) एसएमसी ले जाया गया। शुरुआती जांच और क्लिनिकल समीक्षा की गयी। कार्डियोलॉजी (हृदय संबंधी), दवा, गुर्दा रोग एवं मूत्र रोग विशेषज्ञों, प्रोफेसरों ने उनकी जांच की। बार-बार सीने में दर्द और गुर्दे की बढ़ती समस्या चिंता के मुख्य विषय हैं। आगे की जांच शुक्रवार को होगी।'' सूत्रों के अनुसार, सेहत की वजह से शरीफ पीएमएल-एन के नेताओं से शायद नहीं मिलेंगे।

## नीरव मोदी को झटका, ब्रिटेन की अदालत ने जमानत देने से किया इंकार

**ब्रिटेन**-ब्रिटेन की अदालत ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को जमानत देने से इंकार कर दिया है। ब्रिटेन की अदालत ने कहा, यह मानने के पर्याप्त साक्ष्य हैं कि नीरव मोदी आत्मसमर्पण नहीं करेगा। ब्रिटिश जज ने कहा, नीरव मोदी ने वानूआतू की नागरिकता लेने का प्रयास किया जो यह दर्शाता है कि वह किसी महत्वपूर्ण समय के दौरान भारत से दूर जाना चाहता था। अब मामले की सुनवाई 26 अप्रैल को होगी।

इससे पहले शुक्रवार को उस समय एक विवाद पैदा हो गया जब मुंबई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) नेनीरव मोदी से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्य जांच अधिकारी को उनके प्रभार से मुक्त कर दिया।

हालांकि यहां एजेंसी मुख्यालय ने कुछ ही मिनटों में उस फैसले को पलट दिया। संयुक्त निदेशक सत्यव्रत कुमार को ईडी के मुंबई जोन यूनिट-1 के प्रभार से हटाने का आदेश पश्चिमी जोन के शीर्ष अधिकारी विशेषनिदेशक विनीत अग्रवाल ने शुक्रवार को जारी किया। कुमार अभी प्रत्यर्पण मामले में नीरव मोदी की जमानत याचिका पर सुनवाई के सिलसिले में लंदन में हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक-रवि कुमार पोत्दार, 72/74, सुयश विहार, भमोरी दुबे, इन्दौर से प्रकाशित एवं आर्टटेक ग्राफिस, 864/9, नेहरु नगर, इन्दौर म०प्र० से मुद्रित
प्रधान संपादक-रवि कुमार पोत्दार आर.एन.आई. नम्बर-12782/2003 e-mail- censortimes@ hotmail.com